इंसान अगर तुम अबदी अज़ाब से बचने और लामहदूद नएमतों के हसूल की ख्वाहिश रखते हो। अगर तुम सारा वक्त इस अहम और अज़ीम सच पर गोर करने में गुज़ारोगे, और तुम अपनी ज़ात को अबदी अज़ाब से बचाने के ज़रिए की तलाश में तमाम तवानाइयाँ सर्फ़ कर लोगे, जब तुम तन्हा थे और हर किस्म के सुरतहाल में अगर तुम दूसरे तमाम अफराद से मिलकर और अपनी सारी काबिलियत के साथ इस मकसद को हासिल करने में जद्दोजहद करोगे, ये तमाम कोशिशे बिल्कुल गैर अहम नज़र आएंगी अगर इसका मवाज़ना इस जद्दोजहद के नतीजे में हासिल होने वाले नताईज से करोगे।दरहकीकत ये तमाम काम पूरी दुनिया के खज़ाने के बदले सिर्फ़ एक मिट्टी का ज़रराह हासिल करने की तरह होगा।इस सच की अहमियत हमारे इस मज़मून से वाज़ेह नहीं की जा सकती।ये सब लिखने से हमारा मकसद अकलमंद को कुछ इशारे देना हैं।एक अकलमंद शख्स के लिए एक हल्का सा इशारा ही काफी है मआनी समझने के लिए।मैं, इसलिए, कुछ इशारिया बयानात दूँगा ताकि इस बात को मुकम्मल तौर पर समझा जा सकेः आदमी अपने ते शुदा रूहजानात से पसंददीगी वाबस्ता कर लेता है। वो अपने आपको उन पर अमल करने से बाज़ नहीं रख

पाता। मिसाल के तौर पर, जब वो पैदा होता है तो दूध चूसने का आदी हो जाता है और दूध छुड़ाने से नफ़रत करने लगता है। जब वो बड़ा होता है, वो अपने घर से, अपने इलाके से अपने शहर से जहाँ उसका घर होता है उससे मानूस हो जाता है। उसके लिए उनसे अलग होना बहुत मुश्किल होता है। बाद में, वो अपनी दुकान, अपने पैसे, अपनी साईसी ब्रांच, अपनी फ़ैमिली, अपनी ज़बान और अपने मज़हब का आदी हो जाता है, और उनसे अलग होने से नफ़रत करता है। इस तरह मुख्तलिफ़ मसकन, कबीले और कौमें वजूद में आती हैं। साबित होता है के किसी कौम की अपने मज़हब से मौहब्बत, मुख्तलिफ मुशाहरात और तर्जुमा की बिना पर अपने मज़हब को सच्चा और हक पर पाने की वजह से नहीं हुआ करती बल्कि अपने मज़हब का आदी होने की वजह से होती हैं। एक अकलमंद शख्स को अपने मज़हब का मुतालअ करना चाहिए और उसका दूसरे मज़ाहिब से मुवाज़ना करना चाहिए और ये मालूम करना चाहिए के कौनसा मज़हब सच्चा है और फिर इस सच्चे मज़हब की मज़बूती से पैरवी करनी चाहिए। क्योंकि एक गलत मज़हब से वाबस्तगी इंसान को अबदी तबाही और हमेशा के अज़ाब में मुबतला करने का बाईस बनती है। ए आदमी, ग़ाफ़लत की नींद से जागो! अगर तुम कहो, "मैं कैसे मालूम करूँ कौनसा मज़हब सच्चा है? मुझे यकीन है के जिस मज़हब को मैं मानने वाला हूँ वो सच्चा है। मुझे इस मज़हब से प्यार हैं," तब तुम्हें मालूम होना चाहिए "मज़हब का मतलब अल्लाह के अहकामात और ममनुआत को मानना है जिन्हें नबियों के ज़रिए भेजा गया।" ये फरमान इंसान के लिए अपने रब के लिए फराईज़ हैं और एक दूसरे के लिए भी।

तमाम मौजूदा मज़ाहिब में कौन सा मज़हब रब की सिफ़ात, इबादत और मख्लूक के आपस के रिश्ते की सबसे बहतरीन वज़ाहत करता है? समझ/अकलमंदी एक ऐसी हिस है जो अच्छे और बुरे में तमीज़ करती हैं। जो बुरा है उसे छोड़ देना चाहिए और जो अच्छा है उसका मुतालअ करना

चाहिए। किसी मज़हब के मुतालअ के लिए ज़रूरी है के उसकी इबतिदा, उसके नबी, उसके (साथी) असहाब और उम्मत (मानने वालो को), ख्वासतौर से नुमाया अफ़राद के बारें में भी मालूमात हासिल की जाएँ। अगर तुम उन्हें पसंद करो, तो उस मज़हब को चुन लो! अपने दिमाग़ की तकलीद करो, न के अपने नफस की! तुम्हारा नफस तुम्हें तुम्हारें ख्वानदान, तुम्हारें दोस्तों और ख्बीस और रूसवा मज़हबी आदमियों से अलग होने पर शर्मिन्दगी और ख्वौफ़ के अहसासात तुम्हारे अंदर डालेगा और इस तरह तुम्हें गुमराह करेगा। वो तकलीफ़ जो ये लोग तुम्हें पहुँचाए वो हमेशा के अज़ाब के मुकाबले कुछ भी नहीं। एक शख्स जो इन हकाईक को मुकम्मल तौर पर समझ जाएगा वो **दीन-ए-इस्लाम** मुंतख्विब करेगा। वो मुहम्मद अलेहिसलाम पर ईमान लाएगा, जो की आख्विरी नबी हैं। इसके अलावा, इस्लाम सारे नबियों पर ईमान लाने का हुकूम देता है। ये तालीम देता है के उनके मज़ाहिब और शरई कानून सच्च थे, और ये के हर नया नबी अपने से पहले वाली शरीअत को कालअदम करार देगा, और इसी तरह मुहम्मद अलैहि सलाम का ज़हूर पिछली सारी शरीअत को कालअदम करार देंगे। किसी शख्स का ये जान लेना के जिस मज़हब और इस मज़हब को छोड़कर मुहम्मद अलैहि सलाम पर उसे ईमान रखना होगा, उस शख्स की नफस के लिए ये बरदाश्त करना मुश्किल है। क्योंकि नफस की फितरत में अल्लाह तआला, मुहम्मद अलैहि सलाम और उसकी शरीअत के साथ दुश्मनी पैदा फरमाई। नफस की ये फितरती दुश्मनी **हमीयत-उल-जाहिलीया** (बेमआनी गलत जोश, हसद, तअसुब) कहलाती हैं। गलत मज़हब में वालदेन, उस्ताताद, अय्यार दोस्त, [रेडियो और टेलिविज़न के प्रोग्राम, मुदब्बिर] इस तासुबाना जज़बे की हिमायत करेंगे। इसके अलावा ये कहावत भी है, "बच्चे को पढ़ाना पत्थर पर लिखने की तरह हैं।"

इस तआसुब को ख्त्म करने के लिए ज़रूरी है कोशिश की जाए, नफस के ख्विलाफ़ जद्दोजहद की जाए और नफस को असबाब के ज़रिए

कायल किया जाए। अगर आप ज़ेल में लिखीं हुई बातें गौर से पढ़ेंगे तो आपको अपनी इस जद्दोजहद में मदद मिलेगी अपने आपको एक खास मज़हब पर कायम करना अबदी खुशी के हुसूल और हमेशा के अज़ाब से हिफ़ाज़त का बाईस होता है। अपने वालदेन से जो मज़हब मिला उसके बारे में फख्र करना के वही सच है। हर नबी एक इंसान होता है जो नब्बुवत की अहमियत और काबलियत का हामिल होता है और अलाह तआला के अहकामात उसके पैदा करदा बंदो तक पहुँचाया। हर शख्स को ऐसे ही नबी की पैरवी करनी चाहिए जो इन सब पर पूरा उतरता हो और उसके मज़हब में दाखिल हो जाना चाहिए। ऐसे लोग जो बुतों और मुजस्समों की पूजा करते हैं वो वसानी कहलाते हैं और बग़ैर देवता के लोग दहरी, [फ्रीमेसन और इश्तराकी] कहलाते हैं, जो जानवरों की तरह होते हैं। इसी तरह, नुज़रानी (ईसाई) और यहूदी मज़ाहिब मंदरजाज़ेल असबाब की वजह से मुस्तअमिल हैंः

इस्लाम मज़हब में, अल्लाह तआला कामिल सिफ़ात वाला है। उसकी सिफ़ात में कोई नुक्स नहीं। इबादत की अदाएगी आसान हैं। मआशी तअलुकात इंसाफ पर मुबनी हैं। दूसरे मज़हबों में बताई जाने वाली इबादत और मआशरती तअल्लूकात वक्त के साथ साथ तबदील हो चुके हैं, इसलिए अब वो माकूल और काबिले अमल नहीं हैं।

मुहम्मद, ईसा (जिसस) और मूसा (मोसिस) अलैहिमुस सलाम की ज़िन्दगियों का मवाज़ना ये बताएगा के मुहम्मद अलैहि सलाम का शजरा नसब सबसे आला, सबसे ज़्यादा रहमदिल, सबसे ज़्यादा बहादुर, सबसे ज़्यादा महरबान, सबसे ज़्यादा जानने वाला, सबसे ज़्यादा अकल वाला, सबसे आला, और इस दुनिया और बाद की दुनिया में सबसे ज़्यादा जानने वाले। जबकि दूसरी तरफ़ आप उम्मी पढ़े लिखे नही थे। दूसरे लफ़्ज़ों में, आपने कभी किताब नहीं पढ़ी नाहीं आपने किसी से कुछ सीखा।

मुहम्मद अलैहि सलाम के मोअजिज़े (करामतें) दूसरो के ज़रिए किए गए मोअजिज़ों से ज़्यादा और लातादाद थे। दूसरों के मोअजिज़े अब जा चुके हैं और नापैद हो चुकें हैं। दूसरी तरफ़, मोहम्मद अलैहि सलाम के कुछ मोअजिज़े खास तौर से कुरआन अल-करीम का मोअजिज़े अब भी जारी हैं और आपकी उम्मत की करामतें। दुनिया के खत्म होने तक बाकी रहेगा। एक गैरमामूली वाक्या जिसे अल्लाह तआला एक शख्स के ज़रिए ज़ाहिद करवाता है जिसे वो प्यार करता है एक अजूबा, या एक मोअजिज़ा कहलाता है। जब एक अजूबा, या एक मोअजिज़ा एक नबी के ज़रिए होता हैं तो उसे इसे **मोअज़िज़ा** कहते हैं। जब ये **वली** के ज़रिए, यानी शख्स जिसे अल्लाह तआला के ज़रिए पसंद किया गया, तो उसे एक **करामत** कहते हैं। बराए महरबानी हमारी किताब **नब्बुवत का सबूत** देखिए।) खासतौर से औलिया, ([2] **वली** की जमा।) के ज़रिए मुसलसल हर जगह ज़ाहिर हो रहीं हैं।

इन तीनों मज़ाहिब से हासिल होने वाली मालुमात और खबरों में से वो जो हमें कुरआन अल करीम और अहदीस-ए-शरीफ़ के ज़रिए हासिल होती हैं तादाद में बहुत ज़्यादा और काबिले भरोसा हैं। वो सब किताबों में लिखी गई और पूरी दुनिया में फैल गई। मुहम्मद अलैहि सलाम 40 साल के थे जब आपको बताया गया के आप नबीं हैं। और जब आपने रहलत फरमाई तो आप 63 साल के थे। आपकी नब्बुवत 23 साल रही। आप के इंतेकाल के वक्त तमाम जज़ीरत उल अरब आपका मतीअ हो चुका था, इस्लाम मज़हब हर तरफ़ फैल चुका था, आपकी पुकार मग़ारिब व मश्रिक में सुनी जा चुकी थी, और आपके असहाब की तादाद 150 हज़ार हो चुकी थी। आपने हजतल विदा/आखिरी हज 120 हज़ार सहाबियों के साथ अदा किया, और इसके अस्सी दिन बाद रहलत फरमा गए। सूरह माएदा की तीसरी आयत-ए करीमा, जिसका मतलब हैं, "**आज हमने तुम्हारे लिए तुम्हारा दीन कामिल कर दिया और अपनी नएमते तुम पर पूरी करदीं और तुम्हारे लिए इस्लाम को दीन पसंद**

किया," इसी हज के दौरान नाज़िल हुई। ये सारे सहाबा वफ़ादार और सच्चे थे। उनमें से अकसरियत इस्लाम को गहराई से सीख चुकी थी और वली थे। उन्होने रसूलुल्लाह के मज़हब और मोअजिज़ों को रोए ज़मीन पर फैलाया। क्योंकि उन्होने जिहाद के लिए दूसरे मुल्कों का सफर किया। वो जहाँ कहीं भी गए उन्होने मज़हबी तालीमात और मोअज़िज़े आलिमों को सीखाए जो वहाँ रहते थे। और अपनी बारी आने पर, इन लोगों ने दूसरों को सीखाया। इस तरह हर सदी के आलिमों ने अगली नसल के कई आलिमों को तालीम दी। और फिर इन आलिमों ने इन तालीमात को हज़ारों किताबों की शक्ल में लिखा और साथ साथ उन लोगों के नाम भी लिखे जिन्होने ये इल्म उन तक पहँचाया। जो अहदीस-शरीफ़ उन्होने सीखी थी उनकी हिमायत बंदी करके उन्हें मुखतलिफ दरजों में तकसीम किया और उनकी मुखतलिफ़ इसतलाहत रखीं जैसे सही, हसन वग़ैरह। उन्होने मुनाफिकों और यहूदियों के मन घड़त और झूठे बयानात इन किताबों में दाखिल नहीं होने दिए। वो इस मामले में बहुत सख्त और हसास थे। इनकी इन्हीं सख्त कोशिशों की वजह से इस्लाम मज़हब इंतेहाई मज़बूत बुनियादों पर कायम हुआ और बगैर किसी तबदीलों के फैलता चला गया। कोई दूसरा मज़हब इतने सहतमंद तरीके से नहीं फैला। हमारे प्यारे नबी मुहम्मद अलैहि सलाम के मोअजिज़े, वाज़ेह तौर पर साबित करते हैं के आप सच्चें नबी हैं। इस्लाम की बुनियदी और लाज़मी तालीमात अल्लाह तआला की मौजूदगी और वहदत, और उसकी सिफ़ाते कामिल, मुहम्मद अलैहिसलाम की नब्बुवत, वो ये के आप वफ़ादार और काबिले भरोसा और सारे नबियों से आला, ये के लोग मरने के बाद दोबारा उठाए जाएंगे और हिसाब के लिए बुलाए जाएंगे, पुल सिरात, जन्नत की नएमतें, दोज़ख का अज़ाब, ये के फर्ज़ हैं (एक सादा इस्लामी अहकाम) नमाज़ अदा करना रोज़ाना पाँच बार और ये के दोपहर, तीसरे पहर, और रात की नमाज़ की फर्ज़ रकअतें चार हैं जबकि सुबह नमाज़ की फर्ज़ रकअत दो और शाम की नमाज़ की फर्ज़ रकअत तीन हैं, ये भी फर्ज़ हे के जब आसमान पर रमज़ान के महीने का नया चाँद दिखे तो रोज़े रखो और

जब शव्वाल के महीने का नया चाँद दिखे तो इद (दावत) जिसे फितर कहते हैं मनाओ, और ये भी फर्ज़ है के ज़िंदगी में एक बार [एक इबादत जिसे कहते हैं] हज ज़रूर अदा करो, ये हराम हैं (ममनुअ) [औरतों और लड़कियों का बगैर अपने बालों और अपने सरो को ढँापे हुए बाहर निकलना, (हर किसी के लिए, मर्दो और औरतों दोनो के लिए यकसाँ) बदकारी करना] ज़िना करना, शराब पीना [या चाहें एक बूँद जो ज़्यादा पी ली जाए तो माहौल से बेगानगी हो जाए], (बेगुसल शख्स, जिस को गुसल की हाजत हो) एक शख्स जो जुनुब हो या फिर हैज़ दार औरत का भी नमाज़ अदा करना हराम है, बग़ैर वुज़ू नमाज़ अदा करना, और बाकी सारी ज़रूरी मज़हबी तालीमात सारे मुसलमानों को, पढ़े लिखे और जाहिल सबको बराबर है, और उसमें बगैर किसी रद्दो बदल के हम तक पहुँचाना। ये हकीकत माकूल ईसाई और यहूदी भी तसलीम करते हैं। ये लोग इस बात को मानते हैं के वो ज़राए जिन से इन्होने खुद अपने मज़हब के मुतअलिक मालूमात हासिल कीं वो इतनी मसतंद और कबिले भरोसा नहीं हैं। क्योंकि मुहम्मद अलैहि सलाम का वक्त हमारे करीब हैं और क्योंकि जिन आलिमों ने इस्लामी तालीमात हम तक पहँचाई वो ज़्यादा हैं, और इस्लाम में तौहम परस्ती दाखिल करना मुमकिन नहीं हैं। ईसाईयत और यहूदियत को ये दो नएमतें हासिल नहीं हैं। ईसा अलैहि सलाम और मुहम्मद अलैहि सलाम बिसात/ज़हूर [तारीखदानो के मुताबिक] में छः सौ साल का वकफा है। क्योंकि [वो कहते हैं] ईसा अलैहि सलाम की पैदाइश और मुहम्मद अलैहिसलाम की मक्का से मदीना हिजरत (नकलमकानी) के बीच **621** साल हैं। [दूसरी तरफ़, ये वक्त का वक़फा इस्लामी आलिमों के मुताबिक **1000** साल का है।] इस वकफे के दौरान पूरी दुनिया में जहालत थी। इसलिए सही और गलत खबरों और मालूमात के दरमियान फर्क करना बेहद मुश्किल है।

ईसा अलैहि सलाम की पुकार ज़्यादा अरसे तक नहीं रही। अल्लाह तआला ने उन्हें जब वो **33** साल के थें तो ऊपर उठा लिया। इस अरसे के

दौरान वो कफ़्फ़ार के मुकाबले काफ़ी कमज़ोर और दिफाऊ करने के लायक नहीं थे। उनके लिए हालात भी इतने साज़गार नहीं थे जो काम उनके साथ अदा कर सकते। उस वक्त की यहूदी आबादी और हुकूमत एक मज़ीद रूकावट थी। न ही उनके कोई मददगार थे सिवाए उन वंद हवारियों (हिमालय) के। उनके सिर्फ यही **12** हवारी मानने वालों में से थे, जो गरीब, जाहिल शिकारी थे। आपके जन्नत में ऊपर/आराम ([**1**] ईसाइयों के अकीदे मुख्तलिफ़ , जो ये बताती हैं के ईसा अलैहि सलाम को सलीब पर चढ़ाया गया और उसके बाद आसमान में उठा लिया गया, इस्लाम बताता है के ये बुलंद नबी सलीब पर नहीं चढ़ाए गए, और ये के अल्लाह तआला ने उन्हें ज़िंदा ऊपर उठा लिया था। बराएमहरबानी हमारी किताब **जवाब न दे सके** देखिए।) उठाए जाने के बाद, कई ख्बरें और बयानात को [चार] किताबों में जिसे इंजील कहते हैं तालीफ किया गया, जो मुख्तलिफ़ नाअहल हाथों में होती हुई और एक गोस्पलस में मौजूद मालूमात एक दूसरे के उलट हैं और इसी लिए ग़ैर मतंकी भी हैं। हत्ता के इनमें से एक में दी जाने वाली मालूमात को झूठला कर उनकी तग़लीज़ करती हैं। इस तरह एक ही गोस्पल के मुख्तलिफ़ तर्जुमों में भी यही उसूल लागू होता है। इन सब गलतियों और फर्क को ठीक करने के लिए, हर सदी में पादरियों ने इजलासा बुलाए और मौजूदा गोस्पलस को ठीक किया, इस तरह मुख्तलिफ़ बातों के अंदर बाहर करने से किताबों में तहरीफ़ शामिल हो गई और उनमें ऐसी लगू बातें शामिल हो गई जिनका मज़हब से कुछ लेना देना नहीं था। उन्होने लोगों को इन किताबों पर ईमान लाने पर मजबूर किया। इन किताबों में दर्ज बयानात में से अकसर बयानात ईसा अलैहि सलाम या उनके हवारियों से तअल्लुक नहीं रखते। जिसके नतीजे में वो कई ग्रुप में बंट गए। हर सदी में एक नया फिरका ज़ाहिर हुआ। उनकी अकसरियत पहले के फिरकों से इख्तलाफ़ रखती थी। और वो सब जानते हैं के उनके पास मौजूद गोस्पल ईसा अलैहि सलाम पर नाज़िल होने वाली मज़हबी तालीम देने वाली सच्ची और मुकददस किताब नहीं हैं।

यही हाल मूसा अलैहि सलाम का मज़हब और मोअजिज़े बताने वाली यहूदी किताबों का हैं। यहाँ वक्त का वक्फ़ा ज़्यादा हैं। मूसा अलैह सलाम की वफ़ात मुहम्मद अलैहि सलाम की हिजरत से दो हज़ार तीन सौ और अढ़तालीस (**2348**) साल पहले हुई। जहालत के इस लंबे अरसे में यहूदी मज़हब का सही मुंतकिल हो पाना मुमकिन नहीं था। मज़ीद ये के यहूदी मज़हबी आलिमों को ज़ालिम और सफ्फ़ाक हुकूमरान कत्ल करवा दिया करते थे, नबूचंद नज़ेर जैसे हाकिम, और दूसरों को कैदी बनाकर बैत-उल-मुकददस से बेबिलान भेज दिया जाता था। दरहकीकत, ऐसे भी वक्त थे जब जरूसलेम में कोई एक शख्स इतना पढ़ा लिखा नहीं था जो तौरह को पढ़ सकता। दानियाल अलैहि सलाम ने तौरह हिफ़ज़ कर रखी थी, इसलिए वो इसकी तिलावत करते और इसकी इमला कराते। इस खिदमत ने मुबारक नबी की वफ़ात तक किताब को तहरीफ़ात से बचाए रखा। असल बात ये हैं, के उन के बाद बनाई जाने वाली नकूल में दर्ज बातें इतनी वाहियात हैं के अल्लाह तआला या किसी नबी से मसूंब नहीं की जा सकतीं।

ये बातें सब जानते हैं के इस किस्म की जहालत मुहम्मद अलैहि सलाम के ज़माने के बाद नहीं हुई। असल में सारे मुसलमानों में इल्म एक आम सिफत बन गई थी, आला इस्लामी रियास्तें कायम की गई और उन्होने इल्म, साईस, इंसाफ़ और इंसानी हुकूम को चारों तरफ़ फैलाया। अगर कोई अकलमंद और माकूल आदमी इन तीनों मज़हबो का जाएज़ा लेगा, तो वो यकीनन इस्लाम को ही अपनाएगा। क्योंकि मकसद सच्चे मज़हब का इंतेखाब हैं। झूठ और तौहमत इस्लाम में हराम हैं। आयत-ए-करीमा और अहदीस-ए-शरीफ़ इन दो बुराइयों को ज़ोर देकर मना करती हैं। जब एक आम शख्स पर इल्ज़ाम लगाना बड़ा गुनाह हैं, तो ये उससे भी खराब हैं, ज़्यादा हराम हैं के अल्लाह के नबी पर इल्ज़ाम लगाना। इस वजह से, मुहम्मद अलैहि सलाम के बारे में और आपके मोअजिज़ों के बारे में बताने वाली किताबों में कोई झूठ, कोई गलती नहीं हो

सकती। एक अकलमंद शख्स को अपनी मुस्तकिल मिज़ाजी पर काबू पाना चाहिए, दोज़ख़ की तरफ़ ले जाने वाले मज़हब से किनारा कर लेना चाहिए और अपने आपको इस सच्चे मज़हब पर कायम करना चाहिए जो अबदी ख़ुशी की तरफ़ ले जाता हो। इस दुनिया में ज़िंदगी बहुत छोटी हैं। इसके दिन गुज़रते जा रहें हैं और एक एक करके गुज़ारे हुए सपने में बदलते जा रहें हैं। हर इंसान का ख़ातमा मौत पर होगा, उसके बाद या तो अज़ली अज़ाब हैं या फिर हमेशा की नएमतों वाली ज़िंदगी और हर शख्स का वक्त तेज़ रफ़तार से उसकी तरफ़ बढ़ रहा हैं।

ए आदमी! अपने ऊपर रहम कर! अपने दिमाग़ से तग़ाफुल का परदा हटा! जो गलत हैं उसे गलत की तरह देखो और इससे बचने की कोशिश करो! जो सही हैं उसे सही की तरह देखो, और उसे मज़बूती से पकड़ लो! जो फैसला तुम करोगे वो बहुत अहम हैं। और वक्त बहुत कम हैं। तुम बेशक मरोगे! उस वक्त का सोचो जब तुम मरोगे! अपने आपको तैयार करो जिसका तुमको तर्जुबा होने वाला है! तुम अज़ली अज़ाब से छुटकारा नहीं पा सकते जब तक तुम अपनै आपको हक पर कायम न कर लो। उस वक्त पछताना बेकार होगा जब देर हो चुकी होगी। आख़िरी साँस के वक्त सच की तसदीक कुबूल नहीं की जाएगी। मौत के बाद की तौबा कारआमद न होगी। उस दिन, अगर अल्लाह तआला पूछे, "ए मेरे बंदे! मैंने तुझे दिमाग़ की रोशनी दी। मैंने तुम्हें हुकूम दिया इसमें मुझे जानो, मुझ पर ईमान लाओ, मेरे नबी मुहम्मद अलैहि सलाम पर, और उसके ज़रिए नाज़िल होने वाले इस्लाम मज़हब पर। मैंने तौरह और इंजील में नबी के ज़हूर की इतलाअ दी । मैंने उनका नाम और उनका मज़हब सारे मुल्कों में फैला दिया। तुम ये नहीं कह सकते के तुमने उसके बारे में सुना नहीं। तुम ने दिन और रात दुनियावी कमाई, दुनियवी ख़ुशी के लिए काम किया। तुमने ये कभी नहीं सोचा तुम आख़िरत में क्या तर्जुमा करने वाले

हो। इस ग़फ़लत की हालत में तुम मौत के चंगुल में फँस गए," तुम कैसे जवाब दोगे?

ए आदमी! सोचो तुम्हारे साथ क्या होने वाला हैं! अपने होश में आ जाओ इससे पहले के तुम्हारी ज़िंदगी ख़त्म हो जाए। वो लोग जिन्हें तुम अपने आस पास देखा करते थे, जिन से तुम बात करते थे, जिन से तुम हमदर्दी करते थे, जिन से तुम डरते थे, एक एक करके मर गए। अब वो मौजूद नहीं। वो आए और ख़यालों की तरह चले गए। अच्छी तरह सोचो! अज़ली आग में जलने का तसव्वुर ही कितना भयानक है। और कितनी अज़ीम किस्मत हैं के अबदी नएमतों में रहा जाए। अब तुम्हें चुनना है। हर किसी का इस्तेमाल इन दो शहीद रास्तों में से किसी एक पर होगा। कोई और सूरत नामुमकिन है। इस बारे में ख़याल न करना और इसके मुताबिक एहतायात न बरतना निरी जहालत और पागलपन होगा। अल्लाह तआला से दुआ हैं के वो मंदरजाज़ेल सबब से हम सब पर अपनी रहमत नाज़िल फरमाए! अमीन।

कौल-उस-सबत फी रद-द-ए-अला-दुओ-इल-परोटेस्टेन्ट नामी किताब में मंदरजाज़ेल बयान हैं: अल्लामा रहमतुल्लाह हिंदी ([1]) रहमतुल्लाह हिंदी मक्का में **1306** [ए.डी. **1869**] फौत हुए।) अपनी किताब (**इज़-हार-उल-हक**) में बयान करते हैं, "इस्लाम के आग़ाज़ से पहले तौरह या इंजील की कोई भी असल जिल्दें कहीं पर मौजूद नहीं थीं। आज की मौजूदा किताबें तारीख़ की किताबें हैं जो सच्ची और झूठी ख़बरों पर बनाई गई हैं। जो तौरह और इंजील कुरआन अल करीम में ज़िकर किए गए हैं वो तौरह और इंजील के नाम पर मौजूद किताबें नहीं हैं। इन किताबों में मौजूदा मालूमात में से जिन का बाज़ाबता एलान कुरआन अल करीम में किया गया हैं वो सच हैं जबकि जिन मालूमात को कुरआन अल करीम नकारता हैं वो झूठी हैं। हम उन मालूमात के सच्चा या झूठा होने का दावा नहीं कर सकते जिनका ज़िकर कुरआन अल करीम में नहीं किया गया। इस बात को साबित करने के लिए के

चार गॉस्पेल अल्लाह तआला के अलफ़ाज़ है कोई दस्तावेज़ी सुबूत नहीं हैं। एक अंग्रेज़ पादरए जिससे मेरी हिंदुस्तान में बातचीत हुई उसने इस हकीकत का एतराफ़ किया के इस सिलसिले में मुतअल्लिक सारे दस्तावेज **313** ए. डी तक दुनिया में होने वाले हंगामों में ज़ाया हो गए। हेरोन के ज़रिए लिखी गई इंजील की तशरीह की दूसरी जिल्द में, तारीखदाँ मोशेम की तारीख की पहली जिल्द के **65** वें सफहें पर, जो **1332** [ए. डी. **1913**] में छपी, और लार्डीस के ज़रिए इंजील की पांचवी जिल्द के **124** वें सफ़हें पर लिखा है के गॉस्पेलस में बहुत सारी तहरीफ़ात शामिल हैं। जरोम कहता है, "जब मैंने इंजील का तर्जुमा किया, तो मैंने देखा के मुख्तलिफ़ कापियाँ/नकल एक दूसरे के बरखिलाफ़ हैं।" एडम कर्लाक अपनी तशरीह की पहली जिल्द में कहता है, इंजील का लातिनी में तर्जुमा करते वक्त उसमें कई तहरीफ़ात की गई। एक दूसरे के बरखिलाफ़ नकल बनाई गई। "वार्ड केंथोलिक ने अपनी तश्रीह के **18** वें सफहे, जो **1841** में छपी में कहा है, "मश्रीकी कफ़्फ़ार ने इंजील के बहुत सारे हिस्से तबदील कर दिए। प्रोटैस्टेण्ट पादरियों बादशाह जैम्स **1** को एक रिपोर्ट पेश की और कहाः हमारी दुआओं की किताबों में मौजूद हमद व सना हिबरानी ज़बान की किताबों से मुख्तलिफ़ हैं। उन में तकरीबन **200** तबदीलियाँ हैं। दूसरी तरफ़, प्रोटैस्टेण्ट पादरियों ने उसमें मज़ीद तबदीलियाँ करदी।" इन तहरीफ़ात की बहुत सारी मिसालें **इज़-हार-उल-हक्का** किताब में दी गई हैं। गॉस्पेल के मुख्तलिफ़ इशाअतों में तफरीफ़ात की वज़ाहतें इज़-अद-दीन मुहम्मदी की किताब **अल-फासिल-बएन-अल-हक्क वल-बातिल**, और **तौहफत-उल-अरीब** अब्दुल्लाह तरजुमान के ज़रिए की गई हैं।

सारे पादरए जानते हैं के ईसा अलैहि सलाम ने कुछ नहीं लिखा। न ही उन्होने कोई लिखी हुई दस्तावेज़ अपने पीछे छोड़ी और ना हीं किसी और ने कुछ लिखा। उनके ऊपर उठाए लिए जाने के बाद नुज़रानियों में इख्तलाफ़ात शुरू हो गए। वो अपनी मज़हबी इल्म को एक साथ इकट्ठा नहीं कर

पाए। नतीजे के तौर पर, पचास से भी ज़्यादा गॉस्पेल लिखी गइं। उनमें से चार मुंतखिब की गई। ईसा अलैहि सलाम के आठ साल बाद फिलिसितिन में शामी ज़बान में **मैथयू** की गॉस्पेल लिखी गई। इस गॉस्पेल की असली कॉपी आज मौजूद नहीं हैं। अलबत्ता एक किताब मौजूद हैं जिसे इस किताब का यूनानी तर्जुमा कहा जाता हैं उनके **3** साल बाद **मार्क** की गॉस्पेल रोम में लिखी गई। **लयूक** की गॉस्पेल उनके **28** साल बाद यूनान में Alexandria में लिखी गई। और उनमें **38** साल बाद, **जॉन** की गॉस्पेल आफसस में लिखी गई। ये तमाम गॉस्पेलस हवालों, कहानियों, और वाक्यात पर मुबनी हैं जो ईसा अलैहि सलाम के बाद रोनुमा हुए। लयूक और मार्क हवारियों में से नहीं थे। उन्होने जो दूसरो से सुना वही लिखा। इन गॉवपेलस के लिखने वाले अपनी किताबों को इंजील (बाएबल) नहीं कहते थे। वो कहते थे ये तारीख की किताबें हैं। इन किताबों का बाद में तर्जुमा करने वालो ने इन्हें इंजील का नाम दिया।

ये किताब, **कौल-अस-सबत** **1341** [ए.डी. **1923**] में सैयद अब्द-उल-कादिर इस्कंदरानी के ज़रिए लिखी गई, **अकाविल-उल-कुरआनिया** नामी किताब के जवाब में, जो अरबी में लिखी गई और एक प्रोटैस्टेण्ट पादरए के ज़रिए छापी गई; **1990** में, (हकीकत किताबेवी) ने इस किताब को दो किताबों **अस-सिरात-उल-मुस्तकीम** और **खुलासा-त-उल-कलाम** के साथ दोबारा शाय करवाया।

असली इंजील हिबरानी ज़बान में लिखी हुई थी और इसे यहूदियों ने उस वक्त तबाह कर दिया था जब उन्होने ईसा अलैहि सलाम को सूली पर चढ़ाने के लिए गिरफ्तार किया था। ईसा अलैहि सलाम का दावत का ज़माना, उन तीन सालों के दौरान कोई एक जिल्द भी असली मुकददस किताब की लिखी नहीं गई। ईसाई असली इंजील से इंकार करते हैं। चार गासॅपेलस जिन्हें वो इंजील बताते हैं इबादत का कोई निजाम नहीं बताती। जो कुछ उसमें हैं वो ईसा अलैहि सलाम और यहूदियों के बीच होने वाली बहसें हैं। अगरचे, एक

मज़हबी किताब को इबादत के तरीके बताने चाहिए। अगर वो ये दावा करते हैं के वो अपनी इबादत तौरह के मुताबिक करते हैं, तो फिर वो उसकी इतनी अहम अहकामात को क्यों नज़रअंदाज़ करते हैं जैसे के सब्बत [हफ़्ते के दिन] करना, ख़ात्मा कराना, और ख़िंज़िर के गोश्त से परहेज़ करना? उनकी गॉस्पेलस में इस किस्म का कोई हुकूम नहीं मिलता के इन अहकामात की परवाह नहीं करनी चाहिए। दूसरी तरफ़, कुरआन अल-करीम हर किस्म की इबादत, अख़लाकयात, कानून, तिजारत, ज़राअत और साईन्स के बारे में तफ़सीमी मालूमात फराहम करता हैं, और इन शौबो को बढ़ावा भी देता है। ये सारे किस्म की जिस्मानी और रूहानी मसाईल का हल तजवीज़ करता है।

चौदह सौ साल/1400 साल के अरसे में कोई शायर अदब का आदमी, या कोई भी ज़ीद्दी काफ़िर इस काबिल नहीं हो सका के कुरआन अल-करीम की किसी भी एक आयत की हु बहू कोई कहावत या जुमला बना सके, बेशक कितनी भी कोशिश की हो। ना ही इस्लामी किसी एक आयत की सहत के बारे में कुछ कहा जा सका, इसके बावजूद के इसमें इस्तेमाल होने वाले ज़ख़ीरा अलफ़ाज़ आम इस्तेमाल होने वाले सादा अलफ़ाज़ पर मुशतमिल हैं, ये साबित करते हैं के साफ़ मोअजिज़ा हैं (चमत्कार जो नबी के ज़रिए आया)। मुहम्मद अलैहिसलाम के दूसरे मोअजिज़े माज़ी के वाक्यात हैं वो सिर्फ़ आज नाम में मौजूद हैं। जहाँ तक कुरआन अल-करीम का तअल्लुक हैं; तो ये सूरज की तरह चमक्ता रहेगा, हमेशा और सब तरफ़। ये हर बीमारी की दवाई हैं, ये हर बीमारी का मरहम हैं। अल्लाह तआला, सबसे ज़्यादा रहीम, ने इसे अपने हबीब-ए-अकरम (सबसे ज़्यादा प्यारे) को अता किया और आज पर नाज़िल किया ताकि उसके सारे बंदे मसरूर हो जाएँ। अपनी लामहदूद महरबानी और रहमदिली से, उसने इसे तबदीलियों और तहरीफ़ात से महफ़ूज़ रखा। उसने ये वादा दूसरी आसमानी किताबों के लिए नहीं फरमाया।

तमाम नबियों की शरीआत, (अल्लाह तआला के ज़रिए) उन औकात की ज़रूरयात मुताबिक बनाई थी जिसमें वो रह रहे थे, इसलिए कुदरती तौर पर वो एक दूसरे से मुख्तलिफ़ थीं। ताहम, ईमान के उसूल, उन सबमें यकसाँ थे। उन सब ने तालीम दी के अल्लाह तआला एक हैं, और मौत के बाद दोबारा ज़िंदा किया जाएगा।

तौरह की कुतब ख्मसा/deuteronomy की **39** वीं आयत में कहा गया है ः "...खुदा तो वही है जो आसमान में ऊपर है, और ज़मीन के नीचे तकः दूसरा कोई और नहीं है।" (deut:4-19), और छठे बाब मेंः "सुनो, ए बनी ईसराईलः हाकिम हमारा खुदा सिर्फ एक हाकिम हैः" (IBID:6-4) सरगुज़िश्त **2** में सुलेमान (सेलोमन) अलैहि सलाम इस तरह बयान करते हैं, "...ए मालिक बनी ईसराईल के खुदा, आपकी तरह का कोई खुदा आसमान में नही, नाहीं ज़मीन में,..." (**2** chr:**6-14**) "...देखो, जन्नत और जन्नतों की जन्नत भी इसको नहीं रख सकती, कितना छोटा ये मेरा घर है जिसे मैंने बनाया है!" (IBID:6-18) बैत-उल-मुकददस (जरूसलाम में मस्जिद अल-अकसा) बनाने के बाद ये बात कही। **15** वे बाब में **1** samevel/सेमूईल में लिखा है के नबी **सेमूईल** ने कहा, "...बनी ईसराईल का रब ना ही झूठ बोलेगा ना ही पछताएगाः क्योंकि वो आदमी नहीं है, के वो पछताए।" (sam:15-29) नबी **ईसा** सप मंसूब किताब **45** वें बाब में मंदरजाज़ेल बयान है ः "मैं ही खुदा हूँ, और कोई दूसरा नहीं है,..." (IS 45-5) मैं ही रोशनी बनाता हूँ, और अँधेरा पैदा करता हूँः मैं ही अमन लाता हूँ, और बुराई तख्लीक करता हूँः..." (IBID: 45-7) मैथयू की गॉस्पेलस के **19** वें बाब में लिखा हैं..." और, देखो, एक आया और उनसे कहा, अच्छे आका, मैं कौन सा अच्छा काम करूँ, के मुझे अबदी ज़िंदगी मिल जाए? और उन्होने कहा उससे तुमने मुझे अच्छा क्यों कहा? यहाँ पर सिर्फ़ एक ही अच्छा हे और कोई नहीं, वो हे, अल्लाह ः लेकिन अगर तुम अबदी ज़िंदगी हासिल

करना चाहते हो, तो अहकामात बचा लाओ। (matt: 19-16,17) मार्क के **12** वें बाब में मंदरजाज़ेल बयान हैं: "और एक मुंशी आया, और..." उसने पूछा, सबसे पहला हुकूम कौन सा है? और "जिस्स/ईसा ने उसे जवाब दिया, तमाम अहकामात में से सबसे पहला हुकूम है, सुनो, ए बनी ईसराईल; मालिक हमारा रब एक खुश है :" "और तुम्हें अपने रब से अपने दिल से, अपनी पूरी रूह से, और अपने पूरे ज़हन से और अपनी पूरी कुव्वत से मोहब्बत करनी चाहिए;" (मार्क: **12-28,29,30**) मुहम्मद अलैहि सलाम ने भी यही फरमाया है। एक शख्स जो मुहम्मद अलैहि सलाम से इख्तलाफ़ [ईमान नहीं रखता] रखता है वो सारे नबियों से ईमान नहीं रखता। तसलीस पर ईमान [तीन खुदाओं की मोजूदगी] का मतलब है सारे नबियों से मंकट होना। तसलीस का अकीदा ईसा आलैहिसलाम के आसमान में उठाए लिए जाने के बहुत अरसे बाद नमूदार हुआ। इससे पहले, सारे नासरी **तौहीद** (अल्लाह को एक मानना) पर यकीन रखते थे और तौरह के कई उसूलों को माना करते थे। मगर जब बुत परस्तों और यूनानी फलसफ़ियों की एक बड़ी तादाद ईसाईयों से आकर मिल गई तो उन्होने अपना पूराना ईमान, यानी तसलीस नासरियों के मज़हब में भी शामिल कर दिया। ये एक फ्रांसिसी किताब में लिखा हुआ है, जिसे अरबी में तर्जुमा किया गया और **कुरआत-उल-नफूस** नाम दिया गया, के एक शख्स जिसने सबसे पहले, **200** सन ईसवीं में, ईसाई मज़हब में मिलाया, वो एक पादरी था जिसका नाम सबलेकस था, और ये के इस इल्हाक की वजह से बहुत खून खराबा हुआ। उस वक्त बहुत सारे आलिमों ने तौहिद के अकीदे का दिफ़ाअ किया और कहा के ईसा अलैहिसलाम एक इंसान और नबी थे। ये **300** वें साल की बात हैं के इस्कंदरिया के अरिअस ने तौहिद के अकीदे को नाफ़िज़ किया और ये एलान किया के तसलीस का अकीदा गलत और खोखला है। नाएसन काउन्सिल (पहला) इजलास जो **325** में अज़ीम कौंसटेंटाई ने मुनअकिद करवाया था इसमें, अकीदा ए तौहीद को बंद कर दिया गया और आएरस को इस ज़ात से बाहर कर दिया गया। वो बज़ाते खुद ये नहीं जानते

के **मुकददस जिन** (रूह), जिसे वो तसलीस के तीसरे खुदा से मंसूब करते हैं दरअसल क्या है उनका कहना है के वो मुकददस रूह थी जिसके ज़रिए ईसा अलैहि सलाम अपनी माँ के रहम में आए, जबकि इस्लाम तालीम देता है के रूह-उल-कुदस (मुकददस रूह) एक फरिश्ते-ए-अज़ीमा है जिनका नाम जिब्राईल है। ([1] **इज़ाह-उल-मेराम** तुर्की किताब जिसे अब्दुल्लाह अबदी बिन दसतान मुस्तफ़ा मनसीर के बए रहमतुल्लाही अलैह ने लिखा। वो **1303** [ए.डी. **1885**] में फौत हो गए। ये किताब याहया एफ़न्दी के छापेखाने में छपवाई गई, मुसतफा पाशा के शैख ने इसे फौरन इदिरनेक, इस्तानबुल में जमा कर दिया।)

शम्स-अद-दीन सामी बए ने अपने **कामूस उल-अंलाम** के **1316** [ए.डी. **1898**] के एडिशन में लिखा : इस्लामी नबी मुहम्मद अलैहि सलाम है। आपके वालिद अब्दुल्लाह और आपके दादा अब्द-उल मुतालिब बिन अबद-ए-मनाफ़ बिन ज़ोहरा बिन किलाब। किलाब अब्दुल्लाह के पर दादा थे। अब्दुल्लाह ने **दार-उल-नाबिघा** में दमिकश से तिजारती सफ़र से वापसी पर वफ़ात पाई। ये जगाह मदीना के मज़ाफ़ात में वाक्य हैं। उनकी उमर **25** साल थी। उन्होने अपने बेटे को नहीं देखा था। आप (मुहम्मद अलैहि सलाम) अपनी दाई हलीमा के साथ उनके कबीले में पाँच साल रहे। ये कबीला जिसका बनी साईद था, अरब का सबसे फसीह कबीला था। इसी वजह से, मुहम्मद अलैहि सलाम बहुत फसाहत से गुफ़तगू फरमाते थे। जब आपकी उमर **6** साल हुई तो आमना (आपकी मुबारक माँ), आपको आपके मामूँ के घर ले गई मदीना में और वहीं रहलत फरमा ली। आपकी आया, उमम-ए एमन, आपको मक्का अब्दुल-मुतालिब (आपके मुबारक दादा) के पास ले आई। आप जब आठ साल के थें, तब अब्दुल मुतालिब भी रहलत फरमा गए और आपने अपने चाचा अबू तालिब के घर रहना शुरू कर दिया। जब आप **12** साल के हुए तो आप अपने चाचा अबू तालिब के साथ एक तिजारती सफर पर दमिक्श गए। जब आपकी उमर **17** साल हुई तो आपके चाचा जुबेर आपको ले

गए।जब आप **25** साल के हुए तो ख़दीजा रज़ी अल्लाहु अन्ह के तिजारती कारवान के रहनुमा के तौर पर तिजारती मुहिम पर दमिश्क गए। आप अपने आला अतवार, खुबसूरत अख़लाक व सीरत और महनती आदात की वजह से मशहूर हो गए।दो महीने बाद आपकी शादी ख़दीजा से हो गई।जब आप चालीस साल के हुए तो जिब्राईल नामी फरिश्ते आपके पास आए और आपको नब्बुवत के बारें में इतलाअ दी।ख़दीजा आप पर सबसे पहले ईमान लाई, और उनके बाद अबू बकर, फिर अली, जो आप **43** साल के थे तो आपको सबको इस्लाम का दावते आम देने का हुकूम हुआ।कुफ़फ़ार ने आपको बहुत तकलीफ़ें पहुँचाई।जब आप मदीना-ए-मुनव्वरा हिजरत कर गए तो आपकी उमर **53** साल थी।आप पीर के दिन रबी उल अव्वल की **8** वीं को जो इततेफ़ांक से सितम्बर का **20** वा दिन था, **622** वें साल में ईसाई सदी के मुताबिक, मदीना के कबा गाँव में पहुँचे।हज़रत उमर की खिलाफ़त के दौरान ये साल (यानी **622** ए . डी) मुस्लिम सदी यानी हिजरी की शरूआत माना गया और मोहररम के महीने का पहला दिन इस्लामी साल यानी **हिजरी कमरी** के साल का पहला दिन माना गया।ये दिन जुलाई के महीने की **16** तारीख़ थी, और जुमा था।सितम्बर की **20** तारीख़ हिजरी शमसी का पहला दिन माना गया।ईसवीं सदी का **623** वाँ नया साल का दिन पहली हिजरी शमसी और कमरी सालों में आया।जब पहला हुकूम आया ग़ाज़ा और जिहाद करने का काफ़िरों के ख़िलाफ़ (अल्लाह तआला की तरफ से), तो **बदर** की (मुकददस जंग) **ग़ज़वा** हिजरत के दूसरे साल में लड़ी गई।**950** कफ़फ़ार की ताकतवर फौज के, **50** मारे गए और **44** बंदी बना लिए गए।तीसरे साल में, **ग़ज़वा-ए औहद** लड़ा गया।काफिरों की तादाद **300** थी, जबकि मुसलमान शुमार में सिर्फ़ **700** थे।**75** सहाबी शहीद हुए।चौथे साल में **ग़ज़व-ए-खंदक** (गढ़ा) लड़ा गया और पाँचवे साल में **गज़व ए मुसतलाक** लड़ी गई।और इसी साल के दौरान मुसलमान औरतों अपने आपको ढाँपने का हुकूम दिया गया।**ग़ज़ब-ए-ख़ैबर** और हुदेबिया के मकाम पर होने वाली अमन का मुआहिदा जिसे

बैत-उर-रिज़वान कहते हैं, छठे साल में हुआ। सातवें साल में कैसर और कसरा को इस्लाम कुबूल करने के दावत के खत भेजे गए। आठवें साल में **ग़ज़व-व-मूता** हरकोलस की सरकरदगी में बाज़नसतिनी फौज से लड़ा गया. मक्का को फतह किया गया और **ग़ज़व-ए-हुनएन** में कामयाबी हुई। नौवें साल में **ग़ज़व-ए-तबुक** के लिए मुहिम चलाई गई। दसवें साल में **हज्जतुल विदा** (अलविदा) अदा किया गया। ग्यारवें साल में, तेरह दिन बुखार में रहने के बाद, मुबारक नबी मस्जिद के बराबर अपने कमरे में **12** रवी उल अव्वल को पीर के दिन रहलत फरमा गए, जब आप **63** साल के थे। रसूलुल्लाह 'सल्लल्लाहु अलैहि वस्सलम' हमेशा खुश अखलाक और नरम गुफ़तार रहे। आपके मुकददस चेहरे पर हमेशा नूर चमकता रहता था। जो भी आपको देखता उसे आपसे इश्क हो जाता। आपकी शराफ़त, सबर, आला खलकी और बहतरीन आदात हज़ारो किताबों में लिखी गई। खतीजा रज़ी अल्लाहु अन्ह से आपकी चार बेटियाँ और चार बेटे थे। और मिस्र की माटिया से एक बेटा था। आपकी तमाम औलद सिवाए फातिमा के आपकी ज़िंदगी में ही वफ़ात पा गई। **कामूस-उल-अलाम** से हमारे इकतेबास का ये इखतेताम हैं।

इमाम ग़ज़ाली ने अपनी किताब **किमया-ए-सआदत** में लिखा है, "अल्लाह तआला ने अपने बंदो के पास नबी भेजे। इन अज़ीम लोगो के ज़रिए अल्लाह तआला ने अपने बंदो को खुशी की रहनुमाई करने वाले और तबाही की तरफ़ ले जाने वाले रास्तों के बारे में आगाह किया। सब से अज़ीम, आला मरतबें और तमाम नबियों से आखिरी नबी **मुहम्मद** अलैहिसलाम हैं। आप तमाम लोगों, सारी कौंमो के लिए नबी पर ईमान लाना होगा।" एक शख्स जो आपके ऊपर ईमान लाए और आपके मुताबिक चले तो वो इस दुनिया में और आखिरत में भी नएमतें और रहमतें हासिल करेगा। दूसरी तरफ़ वो जो, आप पर ईमान नहीं लाएगा, वो आखिरत में कभी न खत्म होने वाला अज़ाब झेलता रहेगा।

इखतिमाम

मुख्तसर में, **दीन** (मज़हब) के मआनी हैं ज़ाबतों का निज़ाम जिसे अल्लाह तआला ने अपने नबियों पर नाज़िल किया ताकि ईमान, बरताव अलफ़ाज़ और रवय्यों जो अल्लाह तआला के ज़रिए पसंद किया जाता हैं उनको सीखाया जाए इबादत की अदाएगी और इस दुनिया में और आखिरत में आबादी खुशी के हुसूल के तरीको के बारे में तालीमाद दी जाए। अधूरे इंसानों की मन घड़त वहमी और तसव्वुराती कहानियों को दीन करार नहीं दिया जा सकता। ज़हन/दिमाग़ अहकामात व मुमानियत और उनकी अताअत के लिए बहुत कारआमद हैं। ताहम ज़हन इन अहकामात और मुमानिआत में छुपे हुए पुरअसरार और बुनियादी हिकमत को समझने से कासिर हैं। न ही वो उनका कोई मंतकी नतीजा निकाल सकता है। ऐसे पुरअसरार हकाईक तबही समझे जा सकते हैं जब अल्लाह तआला इनके बारे में नबियों को मतलअ करे या फिर मखफ़ी अंदाज़े से औलिया पर नाज़िल फरमाए। और ये दरहकीकत एक नएमत हैं जो सिर्फ़ अल्लाह तआला की जानिब से ही अता होती हैं।

अब बात ये हे के, इस दुनिया में और अगले जहान में असली खुशी हासिल करने के लिए और अल्लाह तआल की मोहब्बत पाने के लिए मुसलमान होना लाज़मी है। एक ग़ैर मुस्लिम काफ़िर (मुनाफ़िक, ईमान न रखने वाला) कहलाता हैं। और **मुसलामान होने के लिए**, दरहकीकत **ईमान का होना** और **इबादत करना** लाज़मी हैं। **इबादत करने** का मतलब हैं के पूरे तौर पर, अपने कौल व फैल से मुहम्मद अलैहि सलाम की शरीअत की पैरवी की जाए। हुकूम करदा इबादत सिर्फ़ इस लिए अदा करनी चाहिए के ये अल्लाह तआला के अहकामात में से हैं और इनके अदा करने से किसी किस्म का दुनियावीं फाएदा हासिल करने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। शरीअत से मुराद **उसूल व ज़वाबित** [अहकामात और मुमानिआत] हैं जिनकी तालीम कुरआन अल करीम में दी गई

है और अहादीस-ए शरीफ़ के ज़रिए वज़ाहत की गई, और जो फिकह की किताबों, या इल्महाल मर्द और औरतों दोनों के लिए यकसाँ हैं, **फ़र्ज़-ए-ऐन** हैं, के शरीअत के बारे में सीखे, यानी, मज़हबी उसूल वाजिब हैं (करना या नहीं करना) हर मुसलमान मुफरिद के लिए। ये उसूल आदमियों के लिए हर किस्म की रूहानी व जिस्मानी बीमारी का इलाज है। एक शख्स को तिब, फनून, तिजारत या कानून सीखने के लिए कई साल लगते हैं पहले हाई स्कूल और फिर कई साल युनिवर्सिटी में। इसी तरह, इल्महाल की किताबों को सीखना और अरबी ज़बान का मुतालआ भी कई साल लगता है। जो लोग ये चीज़े नहीं सीखते वो इन झूठी बातों और इल्ज़ामों में आसानी से फँस जाते हैं जो अंग्रेज़ जासूसों और उजरती सिपाहियों, मुनाफिकों, नाम निहाद मज़हबी आलिमों और अंग्रेज़ जासूसों के भटकाए हुए ग़ददार मुदब्बिर अपने से घढ़ते हैं, और आखिरकार इनका अंजाम एक कहर ज़दा और तबाह हाल मंज़िल पर होगा और वो इस दुनिया में और आखिरत में अज़ाब झेलते रहेंगे।

कलिमा-ए शहादात पढ़ना और उसके मआनी पर यकीन करना **ईमान** कहलाता है। एक शख्स जो कलिमा-ए शहादत वाज़ेह करता हैं और उसके इस लफ्ज़ के ज़रिए बताए गए हकीकी मआनी पर यकीन करता है वो **मोमिन** कहलाता है। कलिमा ए शहादत ये है "अशहदु अन ला इला-ह इल्लल्लाहु व अश्हदु अन्ना मुहम्मदन अब्दुहू व रसूलूहू।" इसका मतलब है : "कोई नहीं है इबादत के लायक सिवाएं अल्लाह के, और मुहम्मद अलैहि सलाम उसके बंदे और उसके नबी हैं जिसे उसने सारी आलमियत की (रहनुमाई) के लिए भेजा।" आपके बाद कोई नबी नहीं आएगा। तहतावी के फुटनोटस में मंदरजाज़ेल तरीके से बयान हैं, उस मज़मून के आखिर में जिसमें रोज़ाना की पाँच नमाज़ों को किस तरह अदा किया जाए जो उसने किसी तरह छोड़ दीं या कज़ा हो गई, **मिराक-इल-फलाह** किताब में बताया गया है, "इस्लाम सिर्फ़ ये मानना नहीं हैं के अल्लाह तआला मौजूद हैं। वो काफ़िर जो उसके साथ किसी

शरीक करते हैं वो भी उसकी मौजूदगी को मानते हैं। मोमिन बनने के लिए ज़रूरी है के ईमान लाया जाए के अल्लाह का वुजूद है, और ये के वो सिफ़ाते कामल का हासिल हैं, वो एक है और हमेशा से ज़िंदा हैं और ज़िंदा रहेगा, वो हर चीज़ का इल्म रखता है, उसे हर चीज़ पर कुदरत हासिल है, सब कुछ इसी की मरज़ी से होता है, वो सब देखता है, और सुनता है, और उसके अलावा कोई खलिक नहीं। उसने कुछ हकाईक मख्फ़ी ज़बान में ज़ाहिर किए। लोग जो कुरआन अल करीम और अहदीस ए शरीफ़ पर तो ईमान रखते हैं मगर उनके कुछ हिस्सों की तशरीह में अहल अस सुन्ना के आलिमों से इत्तेफ़ाक नहीं रखते, उन्हें बग़ैर **मसलक** के लोग कहा जाता है। उन लोगों में से जो मसलक के बग़ैर हैं, वो जो सिर्फ़ ईमान की मखफी तालीमात की गलत वज़ाहत करते हैं वो लोग **बिदअती** या गुमराह मुसलमान कहलाते हैं। वो लोग जो ज़ाहिरी एलान करदा अहकामात की गलत वज़ाहत करते हैं वो **मुलहिद** कहलाते हैं। एक मुलहिद काफ़िर होता हैं, अगरचे वो अपने आपको एक मुस्लिम बताए। बिदअत वाला शख्स, हालाँकि, एक काफ़िर नहीं होता। ताहम वो बेशक दोज़ख में सख्त अज़ाब पाएगा। उन किताबों में जो इस बात से आगाह करती हैं के अहल अस सुन्नत के आलिम अज़ीम और राहे रास्ते पर हैं, उनमें **महज़ान उल-फिकह इल-कुबरा** नाम की किताब जो एक नेक सुहानी, मुहम्मद सुलेमान एफ़ंदी की हैं, जो बहुत कीमती हैं। दूसरी तरफ़, वो काफ़िर जो मुसलमान होने का नाटक करते हैं और कुरआन अल करीम की मनफ़ी तालीमात की, अपनी ज़हनी इस्तात और तर्जुबाती मालूमात के मुताबिक गलत वज़ाहत करते हैं और मुसलमानों को भटकाते हैं, वो **ज़िंदकी** कहलाते हैं।

अहल-अस-सुन्नत के मुख्तलिफ़ आलिमों ने शरीअत के मख्फ़ी वज़ाहतों वालें हिस्सों से मुख्तलिफ़ नतीजे निकाले हैं। इस तरह मज़हबी दस्तूर के बारे में मआमलात यानी शरीअत के बारे में चार मसालिक नमूदार हुए। ये मसालिक **हन्फी, मालिकी, शाफीई** और **हंबली** हैं। ये चारों मसालिक ईमान के

मामलात में एक मत हैं। ये सिर्फ़ इबादत के तरीकों में मामूली फर्क रखते हैं। इन चारों मसालिक से तअल्लुक रखने वाले लोग एक दूसरे को इस्लामी भाई मानते हैं। हर मुसलमान को आज़ादी हासिल हैं के वो इन चार मसालिक में से किसी को भी मुंतखिब करे और अपने सारे अमाल इस मसलक के मुताबिक करें। मुसलमानों का चार मसालिक में तकसीम होना अल्ल्लाह तआला की मुसलमानों पर महरबानी का नतीजा हैं। अगर किसी मुसलमान को अपने मसलक से हम आंहग होकर इबादत की अदाएगी में किसी किस्म की परेशानी महसूस होती है तो वो दूसरे मसलक की पैरवी इख्तियार करके अपनी इबादत आसानी से अदा कर सकता है। दूसरे मसलक की पैरवी करने के लिए ज़रूरी शर्ते हमारी (तुर्की की) किताब **सआदत-ए-अबदिया** (कभी न खत्म होने वाली खुशियाँ) में लिखी गई हैं।

सबसे अहम इबादत नमाज़ है। अगर एक शख्स नमाज़ अदा करता है तो उसे मुसलमान समझ लिया जाएगा। अगर एक शख्स नमाज़ अदा नहीं करता तो उसके मुसलमान होने पर शक हो सकता है। अगर कोई मुसलमान शख्स नमाज़ की अहमियत से आगाह है मगर सस्ती अंदाज़ कर देता है और नमाज़ को नज़र अंदाज़ कर देता हैं और नमाज़ अदा न करने का उसके पास कोई माकूल उज़र नहीं हैं, तो मालिकी, शाफ़िई और हंबली मसालिक की शरअई अदालतें उसे सज़ाए मौत देंगी, (अगर वो इन मसालिक में से किसी एक में है)। अगर वो हन्फ़ी मस्लक में हैं तो उसे उस वक्त तक केद में रखा जाएगा जब तक वो बाकाएदगी से नमाज़ की अदाएगी शुरू नहीं कर देता और उसे हुकूम दिया जाता है के वो अपनी तमाम कज़ा नमाज़ें भी अदा करे। तुर्की में हकीकत किताबों के ज़ेरे अहतमाम शाया करदा किताबें **दुरर-उल-मुंतका** और **इबनि आबिदीन**, और **किताब-उल-सलात** में बयान किया गया हैः "दिन की पाँच नमाज़ों को कज़ा करना या फिर बग़ैर किसी काबिले कुबूल उज़र के इन नमाज़ों को मुकर्रर औकात पर अदा न करना एक कबिरा गुनाह है। इस गुनाह की

माफ़ी हज या तौबा करने से ही मिल सकती है। और ये तौबा उस वक्त तक कुबूल नहीं हो सकती जब तक वो शख्स नमाज़ या कज़ा नमाज़ें अदा न करले। एक शख्स अपने आपको इस हराम हालत से बाहर निकाल सकता है अगर वो फर्ज़ नमाज़ों की कज़ा अदा करले बजाए रोज़ाना की सुन्नत नमाज़ों के जिसे रवातिब कहते हैं। एक मोअतबिर मज़हबी किताब में लिखा है के अगर किसी शख्स के ज़िम्मे फर्ज़ रकअतों की नमाज़ का कर्ज़ हैं तो उसकी कोई भी सुन्नत और नफ़िल नमाज़ें कुबूल नहीं होगी बेशक वो बिल्कुल सही ही क्यों न हो। यानी वो इस सबब (ईनाम) को नहीं पाएगा जिसका वादा अल्लाह तआला ने किया है। इसके बारे में इकतेबासात हमारी किताब **सआदत-ए-अबदिया** में है। इस्लाम की तरफ़ से मुकर्ररा करदा उज़र और असबाब की वजह से नामाज़ का छोड़ देना बाइसे गुनाह नहीं। ताहम चार मसालिक इस बात पर राज़ी हैं के इंसान को जितनी जल्दी हो सके वो नमाज़ें अदा करनी होंगी जो उसने कज़ा करदीं या छोड़ दीं, बेशक वो नमाज़ काबिले कुबूल उज़र की वजह से ही क्यों न छोड़ी हो। सिर्फ़ हन्फ़ी मसलक में ये जाईज़ है के कज़ा नमाज़ों को उस वक्त तक मुल्तावी कर दिया जाए जब तक कोई शख्स अपनी रोज़ी कमाने में मसरूफ़ हो या फिर सुन्नत जिन्हें रवावित कहा जाता हैं नमाज़ें या फिर अहदीस में नसीहत करदा नफ़िल नमाज़ों की अदाएगी में मसरूफ़ हो। यानी ये जाईज़ हैं के इन असबाब से कज़ा नमाज़ों को मुल्तवी कर दिया जाए। ताहम बाकी तीन मसालिक के मुताबिक ऐसे शख्स के लिए ये जाईज़ नहीं जो ना काबिले कुबूल उज़र के तहत नमाज़ छोड़ दे, के वो सुन्नत या नफ़िल नमाज़ें अदा करे। ये हराम हैं। ये हकीकत हैं के नमाज़ की वो रकअते जो काबिले कुबूल उज़र की वजह से छोड़ी ये उनके बराबर नहीं हैं जो बग़ैर किसी काबिले कुबूल उज़र के छोड़ी गई हों ये **दुरर उल-मुखतार, इबनि अबिदीन, दुरर उल-मुतका,** तहतावी की **मेराक इल-फलाह** और **जोहरा** की वज़ाहत में लिखा हुआ है।

11 नवंबर-1991

पोस्ट बाक्स 4249 कदुना

नाएजिरिया

बिस्मिल्लाहि-रहमानिर-रहीम

अस्सलामु अलैकुम व रहमतुल्लाही तआला व बराकाताहु

प्यारें भाई,

मैं तुम्हारी तंज़ीम से अपने लिए और अपनी फैमिली के लिए इस्लामी अदब की दरख्वास्त के लिए लिख रहा हूँ।

मेरी परेशानी ये है के मुझे इस्लाम की गहरी समझ नहीं है ख्वासतौर से तारीख्वी, और आम उसूलों की। ये मेरे लिए बहुत परेशानी का बाइस है क्योंकि, मग़रिबी इल्म ज़्यादा हासिल करने की वजह किसी भी इस्लामी अहसास को भटकाने के लिए काफ़ी है, यह निज़ाम अनजाने में मेरे ज़हन मे बस गया है जो मेरे ईमान को हमेशा तबाह करने की कोशिश करता है। मैं इन झुकाओं से लगातार लड़ता रहता हूँ-एक लड़ाई जो अकसर मेरी आदत में हैं के हमारी पाक किताब कुरआन में कुछ अहम मसलें हैं, मेरे बहुत सारे ग़ैर मुस्लिम साथी और दोस्त, ख्वासतौर से ईसाई हमेशा इस्लाम के बारे में जानना चाहतें हैं, मुकददस कुरआन और कुछ हम ज़माना मसलों जो मुसलमानों के बारे में हो या आम तौर से मेरी तरफ़ से इस्लाम के बारे में बताए जाते हैं। मैं, ज़्यादातर, अपने आपको इस मामले में मफ़लूज़ पाता हूँ और अच्छे तरीके से उनके सवालों के जवाब नहीं दे

पाता क्योंकि मैं खुद इस्लामी अदबी जानकारी नहीं रखता। इसके अलावा मुझे अरबी ज़बान समझ नहीं आती, मगर मे इस सिलसिले में बहुत ज़्यादा मेहनत कर रहा हूँ क्योंकि मुझे गहरी दिलचस्बी और पक्का इरादा है वो सब इस्लाम के बारे में जानने का जो मुझे जानना चाहिए।

मैं, इसलिए आपकी सख़्त मदद चाहता हूँ, इनशाहअल्लाह आप मुझे और मेरी फैमली को ईमान की अच्छी तालीम पर मुबनी करने में मदद करेंगे। ये हमें इनशाहअल्लाह अच्छी तरह तैयार कर देगी, इस्लाम की रोशनी को अपने माहौल में और उससे भी बाहर फैलाने के लिए। मैं खासतौर से आपका शुक्रगुज़ार रहुँगा अगर आप मेरी इल्तिजा पर गोर फरमाएंगे और उसमें इस्लामी मज़हब का इल्म पर इशाअते और साथ ही साथ जो आपको लगता हो हमारी रूहानी बढ़त के लिए ज़रूरी और फाएदेमंद हों उसे भी शामिल करलें।

शिददत से आपके महरबानी भरे जवाब का मुंतज़िर।

वअस्सलाम।

इस्लाम में आपका भाई

इस्माईल अल हसन सती

खास पैग़ाम सुन्नी नौजवानो के नाम

मेरे सुन्नी भाइयो!

होश में आओ। खबरदार हो जाओ। यह दौर बड़ा नाज़ुक और सिर्फ फ़ितना नही **Double** फ़ितना यानी मोबाईल इंटरनेट का दौर है। **You Tube** में रियाकारी न करे। **Whatsapp** या **Facebook** में अपना **Face** या **Fitness** को दिखाकर तकब्बुर पैदा न करे। दोस्ती अल्लाह के लिए और दुश्मनी भी अल्लाह के लिए करे। सख्त आज़माइश का वक्त है। बे दीनी व बद अकीदगी सुलहकुल्लीयत और मुनाफ़िकत की आंधियों और गुमराही के तूफान जोरों पर है। लिहाज़ा अपने ईमानो अकाइद की खूब हिफाज़त करो और बुज़ुर्गाने दीन के तरीके पर काइम रहो। गैरों की सोहबत व मजलिस और तकारीर व लेट्रेचर से बचो और उल्मा–ए– रब्बानीइन, बुजुरगाने दीन, सल्फे सालेहीन के हालात का मुताअला करो (एक किताब **तज़किरतुल औलिया** पढ़ो) और उनकी किताबें पढ़ो और सौम व सलात की पाबन्दी करो। दुरूद व सलाम की कसरत रखो। क्योंकि ईमान की सलामती इससे वाबस्ता है। शरीअत के मुताबिक दाढ़ियां रखो। सादा व सुथरा लिबास पहनो सरों पर अंग्रेजी बाल न रखो। निगाहो को झुकाऐ रखो। शर्मगाहो की हिफाजत करो। किसी अल्लाह वाले की दरगाह में ईमान बचाने के नियत से हाजिरी दिया करो। आपस में इत्तेफाक व मुहब्बत से रहो। अल्लाह करीम तबारक व तआला बतुफैल अपने हबीबे करीम व सल्लल्लाहु अलैहि व आलिही वसल्लम और अहले बैत, हमें अहले सुन्नत व जमात के अकाइद व आमाल पर काइम रखे और खात्मा ईमान पर फरमाए। आमीन– सुम्म आमीन० बहुर्मते सय्यदल मुर्सलीन रहमतुल लिल आलिमीन शफीउल मुज़न्निबीन सल्लल्लाहु तआला अलैहि व अला आलिही व अस्हाबिही व बारिक व सल्लिम०

सुन्नी नौजवान

अनवर रज़ा खान